मासिक
# आजाद बोल
RNI No. - MPHIN/2020/79860
वर्ष : 5 अंक : 2 इन्दौर, 15 जनवरी 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए

## महायुति विधायकों के साथ पीएम मोदी की अहम बैठक, फडणवीस और उनके दोनों डिप्टी रहे मौजूद

मुंबई। मुंबई दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार के विधायकों के साथ दोपहर के भोजन पर बैठक की। निर्दलीय विधायक रवि राणा ने कहा कि यह एक पारिवारिक मुलाकात थी। पीएम मोदी ने अपने जीवन के कई पहलू साझा किए। पारिवारिक मामले उजागर नहीं होने चाहिए। उनकी बातें प्रेरणादायक थीं। यह बैठक मुंबई के आईएनएस आंग्रे ऑडिटोरियम में आयोजित की गई थी।



शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि महायुति के सभी मित्र दलों के लोग भोजन के लिए एकत्र हुए। कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। शिव सेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद कैसे काम करना चाहिए और लोगों से कैसे संवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य करते समय या योजनाओं को क्रियान्वित करते समय हमें वहां उपस्थित भी रहना चाहिए। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने स्वास्थ्य और परिवार पर ध्यान देना चाहिए।

दोपहर के भोजन की बैठक में उपस्थित लोगों में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उनके डिप्टी एकनाथ शिंदे और अजित पवार और सत्तारूढ़ महायुति सरकार के अधिकांश विधायक शामिल थे, जिसमें भाजपा, राकांपा और शिवसेना का गठबंधन और कुछ छोटे सहयोगी शामिल थे। पिछले साल नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति पार्टियों ने 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें हासिल कीं।

## सोनिया ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय '24 अकबर रोड' था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय '9ए कोटला मार्ग' पर बनाया गया है। सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान तथा 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा..' गाया।**

पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, पार्टी के कई पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, विभिन्न राज्यों के पार्टी के विधायक दल के नेता, सांसद, कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## 17 जन. को बेंगलुरु में खुलेगा अमेरिकी वाणिज्य दूतावास-तेजस्वी सूर्या

बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की लंबे समय से चली आ रही मांग 17 जनवरी को हकीकत बन जाएगी। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस संबंध में घोषणा की है।



भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरे प्यारे बेंगलुरु, यह आधिकारिक घोषणा है। 17 जनवरी को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास खुल रहा है।''उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना की। आभार व्यक्त करते हुए 34 वर्षीय सांसद ने जयशंकर को मैसूर पाक भेजा।सूर्या ने कहा, ''यह केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के प्रयासों के कारण संभव हुआ है।

## भारत दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा-गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल वाला पेट्रोल) के इस्तेमाल से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है। गडकरी ने कहा कि देश में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारत में हैं। उन्होंने कहा, 'हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं। इससे भी प्रदूषण हो रहा है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पेश किया था। इसमें पहले चरण में 15 शहरों को शामिल किया गया था। गन्ने के साथ-साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के इस्तेमाल से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता भारत आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा।



## गुजरात को अमित शाह का तोहफा, 241 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मनसा में 241 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के सीएम भूपेन्द्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष सांघवी और अन्य मौजूद रहे। अपने संबोधन के दौरान, शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राज्य की पानी की कमी की चुनौतियों से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए परिवर्तनकारी प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने मनसा सर्किट हाउस, नीलकंठ महादेव के पास एक सुरक्षा दीवार, बदरपुरा गांव में एक चेक बांध और चरदा और देलवाड़ा गांवों में क्लास ब्लॉक सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अंबोद गांव में साबरमती नदी पर बैराज सहित 23 अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। शाह ने कहा कि इस बैराज से स्थानीय किसानों को काफी फायदा होगा, जबकि चेक डैम से क्षेत्र के बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा

शाह ने कहा कि गुजरात में भूजल एक समय 1,200 फीट की गहराई पर उपलब्ध था, लेकिन पीएम मोदी के प्रयासों के कारण इसे और अधिक सुलभ बनाया गया क्योंकि मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने कच्छ और सौराष्ट्र सहित पूरे गुजरात में जल स्तर बढ़ाने के लिए नर्मदा परियोजना को पूरा करने को प्राथमिकता देकर काम किया था।

## भागवत का 'सच्ची स्वतंत्रता' वाला बयान 'राजद्रोह' के समान है-राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता राम मंदिर बनने के बाद मिली। राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते।

भागवत ने कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा






द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी।

राहुल गांधी ने कहा, ''भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है क्योंकि उनके कहने का मतलब है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है... किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता।''

उन्होंने कहा कि भागवत का यह बयान हर भारतीय का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है जब इस तरह की बकवास सुनना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''दो विचारों के बीच लड़ाई है। एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है और दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''देश में कोई दूसरा दल नहीं है जो भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को रोक सके। सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें रोक सकती है क्योंकि हम एक विचारधारा वाली पार्टी हैं।




# अभिनव कला समाज में खारीवाल अध्यक्ष एवं शास्त्री प्रधानमंत्री बने

## पचहत्तर वर्ष पुरानी संस्था में आम सहमति से चुनाव की परंपरा कायम रही

**इंदौर।** संगीत, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र की अग्रणी संस्था अभिनव कला समाज के त्रि-वार्षिक निर्वाचन में प्रवीण खारीवाल दोबारा अध्यक्ष एवं सत्यकाम शास्त्री प्रधानमंत्री चुने गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी आलोक बाजपेयी एवं संयुक्त निर्वाचन अधिकारी पंकज क्षीरसागर ने बताया कि सर्वानुमति से हुए निर्वाचन में डॉ. पूर्वी निमगांवकर एवं पं. सुनील मसूरकर उपाध्यक्ष, रोहित अग्निहोत्री एवं आलोक बाजपेयी संक्युत प्रधानमंत्री, कमल कस्तूरी कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र भाले प्रचार मंत्री, संतोष अग्निहोत्री कलाकार चयन समिति के संयोजक चुने गए। कार्यकारिणी में दिलीप मुंगी, बालकृष्ण सनेचा, सतीश फाल्के, राजेश पांड्या, नीतेश उपाध्याय, गोरधन लिम्बोदिया, सोनाली यादव, ज्योत्सना सोहनी एवं प्रियंका तिवारी को स्थान मिला। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पुष्कर सोनी, अर्जुन नायक, बंसीलाल लालवानी एवं प्रमोद जैन को स्थान प्राप्त हुआ।

साधारण सभा में अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने विगत तीन वर्षों के कार्यकाल एवं विकास कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संयुक्त प्रधानमंत्री सत्यकाम शास्त्री ने विगत 75 वर्षों की परंपरा का जिक्र करते हुए निर्वाचन सर्वानुमति से कराए जाने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने सर्वानुमति से मान्य किया। अंत में कोषाध्यक्ष कमल कस्तूरी ने आभार व्यक्त किया।

# हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के 'टी क्लब' का वार्षिक उत्सव मना

### गायन, वादन, क्रिकेट और पतंगबाजी के साथ पूरा समारोह उल्लास से सराबोर रहा





**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के टी क्लब का वार्षिक उत्सव शनिवार को बायपास स्थित रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान गायन, वादन, क्रिकेट और पतंगबाजी के साथ पूरा समारोह आनंद के उल्लास से सराबोर रहा।

सुबह साढ़े 9 बजे से ही सदस्यों ने इस कार्यक्रम में आना प्रारंभ कर दिया था। सुबह नाश्ते के बाद दोपहर को फल और उसके बाद तीन तरह के बाफले दो तरह के लड्डू, चूरमा, दो तरह की दाल ,कढ़ी के साथ शानदार भोजन का आनंद लिया। इस समारोह में हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने पूरे दिन समारोह में भाग लिया तथा टी क्लब के सदस्यों से मुलाकात की। आनंद पाठक हाई कोर्ट टी क्लब के के सदस्य रहे हैं। टी क्लब की महिला सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर आनंद लिया।इस समारोह में क्लब के सदस्य रहे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति आनंद पाठक का स्वागत किया गया। साथ ही हाल ही में वरिष्ठ अधिवक्ता बने विशाल भारती और विवेक शरण का भी सम्मान किया। इसके अलावा क्लब के दो सदस्यों मकबूल हुसैन और विवेक पटवा का शनिवार को जन्मदिन था, उन्हें भी क्लब की तरफ से बधाइयां दी गई और न्यायमूर्ति से आनंद पाठक ने उनका स्वागत किया। इस क्लब का गठन इंदौर में हाई कोर्ट के गठन के साथ ही हुआ था। उस समय आस पास चाय इत्यादि की व्यवस्था नहीं थी। इस कारण इस क्लब का गठन हुआ था। संस्था के अध्यक्ष एसडी सांघी बनाए गए थे जो आजीवन इस टी क्लब के अध्यक्ष रहे। उनके बाद वरिष्ठ अभिभाषक जीएम चाफेकर इसके अध्यक्ष रहे। उनकी मृत्यु के पश्चात वर्तमान में वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर भार्गव इसके अध्यक्ष है।

# इंडस्ट्री हाउस से पलासिया रोड स्थित पुल का चौड़ीकरण जल्द शुरू होगा

### बाधक बिजली के पोल और पेड़ दो दिन में किए जाएंगे शिफ्ट

**इंदौर। शहर में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम तेजी से काम कर रहा है। इसी क्रम में पलासिया से इंडस्ट्री हाउस को जोडने वाले पुल का चौड़ीकरण जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए वहां बाधक बिजली के पोल, डीपी और पेड़ों को शिफ्ट करने का काम एक-दो दिन में शुरू होगा।**

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह पुल वर्षों पुराना है और वर्तमान में इसकी चौड़ाई मात्र 35 फीट है, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर



निगम पुल के दोनों ओर 15-15 फीट के नए हिस्से जोड़कर इसे 70 फीट चौड़ा करने की योजना पर काम कर रहा है। पुल को तोड? के बजाय इसके आस-पास निर्माण किया जाएगा, जिससे यातायात प्रभावित न हो।

**काम शुरू होने की तैयारी-**नगर निगम की विद्युत यांत्रिक और उद्यान विभाग की टीम पहले पेड़ों और विद्युत पोल को शिफ्ट करेगी। पुल के आसपास काम के दौरान यातायात जारी रहेगा। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि चौड़ीकरण का काम इसी सप्ताह से शुरू होगा।

**मालवा मिल पुलिया पर भी होगा कार्य-**नगर निगम द्वारा मालवा मिल से पाटनीपुरा को जोडने वाली पुलिया का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल से एमआईजी और परदेशीपुरा मार्ग को चालू रखने के लिए वहां से कब्जे हटाए जाएंगे।



# पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान हॉस्टल और बस्तियों तक पहुंचा

### साइबर फ्राड से बचाव के टिप्स दिए

**इंदौर।** पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जागरूकता अभियान के तहत सत्कार बॉयज और सफायर गर्ल्स हॉस्टल में 200 छात्राओं को साइबर और फाइनेंशियल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने हेल्पलाइन नंबर 1930 और पोर्टल का उपयोग करने की जानकारी दी। मूसाखेड़ी स्थित शिव नगर बस्ती में पुलिस और संस्था इंदौरियंस ने बच्चों को चप्पल और महिलाओं को गर्म कपड़े वितरित किए। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए गए।

# एमवाय अस्पताल में बनेगी प्रदेश की ब्लड कैपिटल



### नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसलिंग की एनुअल एक्शन प्लान मीटिंग में सहमति

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल को मध्य प्रदेश की ब्लड कैपिटल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसलिंग की एनुअल एक्शन प्लान मीटिंग में इस पर सहमति बनी। बैठक में राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अधिकारी शामिल हुए। इसका उद्देश्य ब्लड डोनेशन और ट्रांसफ्यूजन सेवाओं को और प्रभावी बनाना है। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए ब्लड बैंक विस्तार और बजट आवंटन पर चर्चा हुई।

ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग, दिल्ली के जनरल डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने कहा, बैठक का उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोगों को ब्लड डोनेशन सेवाओं का लाभ मिले। साथ ही यह देखा गया कि पिछले वर्षों के लक्ष्य पूरे हुए या नहीं। आधुनिक तकनीकों से अब एक व्यक्ति का रक्त दो से तीन लोगों के काम आ सकता है।

**एमवायएच में बनेगी केपिटल ब्लड बैंक-**एमवाय अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण दिल्ली और अन्य राज्यों के अधिकारियों ने किया। उन्होंने यहां की आधुनिक मशीनों और सुविधाओं की सराहना की। जनरल डायरेक्टर ने इंदौर के नागरिकों की रक्तदान के प्रति जागरूकता की प्रशंसा की। एमवाय अस्पताल को प्रदेश का केपिटल ब्लड बैंक बनाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे आसपास के जिलों को भी आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके।मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर मोनल सिंह ने बताया कि यह बैठक हर साल अलग-अलग राज्यों में होती है। इस बार मध्य प्रदेश को इसकी मेजबानी का अवसर मिला है। बैठक में 100 से अधिक अधिकारी मौजूद रहे।

# दुबई यात्रा के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने दुबई यात्रा, वीजा और होटल बुकिंग के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले शातिर आरोपी रवि शंकर ओझा को गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड निवासी इस आरोपी ने फरियादी से करीब 10 लाख रुपए की ठगी की। उसने दुबई ट्रैवलिंग वीजा, फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग का झांसा देकर पैसा लिया और बाद में संपर्क तोड़ दिया।



**आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज**-फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 409, 420, 467, 468 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी एमबीए डिग्रीधारी है और गुरुग्राम में प्रॉपर्टी कंपनी में काम करता था। उसने एक्सप्लोरर कंपनी के नाम से फर्जीवाड़ा किया।

**देशभर में फैली ठगी का खुलासा**-पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने देशभर में कई लोगों से इसी तरह ठगी की। वह ठगी के बाद मोबाइल सिम और लोकेशन बदल देता था। आरोपी ने करीब 40-50 सिम कार्ड और फोन का उपयोग किया। उसने लखनऊ में रोजी ट्रेवल्स नामक फर्जी कंपनी खोलकर भी लोगों को निशाना बनाया। आरोपी छत्तीसगढ़ में भी ठगी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस अब उसके साथियों और अन्य मामलों की जांच कर रही है।



## कोहरे ने ली तीन युवकों की जान

**इन्दौर।** कोहरे के चलते हुई एक दर्दनाक दुर्घटना में तीन युवकों की जान चली गई। ग्राम सिवनी के निवासी युवक अपनी मोटरसाइकिल पर डबलचौकी की तरफ जा रहे थे। अचानक, एक हॉलैंड मशीन के ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से उनकी मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आ गई।

**घटनास्थल पर हुई मौत**-दुर्घटना स्थल पर ही सभी युवकों की मौत हो गई, जिसमें एक युवक मोटरसाइकिल के साथ ट्रक के आगे के पहिए के नीचे आ गया, जबकि अन्य दो पीछे के पहिए के नीचे दब गए। मारे गए युवकों की पहचान खल्डा गाँव के निवासी के रूप में हुई है।

**ग्रामीणों का आक्रोश**- सूचना मिलते ही खुड़ैल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना से नाराज होकर स्थानीय ग्रामीणों ने हॉलैंड मशीन के ट्रक में आग लगा दी।

### पार्षद कमलेश कालरा वर्सेस जीतू जाटव (यादव) मामले

## दो आरोपी 14 तक रिमांड पर, अन्य की तलाश में पुलिस टीम सक्रिय

**इन्दौर।** पार्षद कमलेश कालरा वर्सेस जीतू जाटव (यादव) मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को कोर्ट ने 14 जनवरी तक रिमांड पर सौंप दिया है। रिमांड पर चल रहे आरोपी दीपक पिता पन्नालाल जेरिया और नितिन पिता रामा अड़ागले, निवासी- शीलनाथ कैम्प, कुलकर्णी नगर ने मारपीट और तोडफ़ोड़ में जीतू के चचेरे भाई अवि उर्फ अभिलाष यादव के शामिल होना कबूला है। अभिलाष ही कालरा के घर आरोपियों को लेकर गया था।

घटना को अंजाम देने वाले 27 आरोपियों को चिन्हित किया गया है। दीपक के पास से पुलिस ने चाकू बरामद किया है। शनिवार देररात कुछ आरोपियों के यहां दबिश भी दी गई, लेकिन कोई भी बदमाश पकड़ में नहीं आया।

जोन चार के एडिशनल पुलिस उपायुक्त आनंद यादव ने बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस को कुख्यात बदमाश सतीश भाऊ के साथ भी जीतू के वीडियो भी मिले हैं, जो जीतू के जन्मदिन के हैं।

**पुलिस टीम सक्रिय**-फरार बदमाशों को पकडने पांच टीमें गठित की गई हैं। दो टीम जिले के बाहर और तीन टीम शहर में दबिश दे रही हैं।

घटना में धन्ना राय, धीरज शिंदे, नवीन शर्मा, आशीष मालवीय, संपत यादव, मिथुन डागर, अभिलाष यादव, देवेन्द्र सरोज, सोनू सूरवीर, गोलू आदिवाल, दिलीप बसवाल, नाथू काला, लोकेश प्रजापत, संतोष केमिया, परमजीत तोमर, विशाल गोस्वामी, दीपू काका, बंटी पिंटू, अक्षय और बंटी ठाकुर आदि की तलाश की जा रही है।

**जीतू को करेंगे गिरफ्तार**-सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में अभिषेक के साथ जीतू का नाम भी पुलिस को बताया है। पुलिस आरोपियों के बयान की पुष्टि कर रही है। पुष्टि होते ही जीतू को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कुछ संदिग्ध भी धराए**-पुलिस की तलाश दबिश में पार्षद कमलेश कालरा के घर घटना को अंजाम देने वाले कुछ संदिग्धों को जूनी इंदौर पुलिस ने राउंडअप किया है। उनसे आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुख्ता प्रमाण होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मकान मालिक को देख चोर भागे

**इंदौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र में दो मकानों में बदमाश चोरी की नीयत से घुसे। वे वारदात करते, इसके पहले ही मकान मालिक ने बिजली जला दी।

रोशनी देख बदमाश वहां से भाग निकले। पुलिस के अनुसार, बदमाश संपत्त हिल्स कालोनी में सूने मकान में घुसे थे। यहां दरवाजे पर लगा ताला तोड़ नहीं पाए तो पड़ोसी के मकान में चले गए। वे खिड़की से अंदर जाते, इसके पहले ही पड़ोसी की नींद खुल गई और उसने लाइट जला दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में आए हुलिए के आधार पर अज्ञात बदमाशों पर चोरी के प्रयास का केस दर्ज किया है।



## 22 संस्थानों पर कार्रवाई, 92 हजार की वसूली

**इंदौर।** नगर निगम ने 22 संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश गुप्ता के निर्देशन में शास्त्री मार्केट और आस-पास के क्षेत्रों में रिमूवल और मार्केट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। इस कार्रवाई में अवैध फुटपाथ, अतिक्रमण, और बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने वालों को निशाना बनाया गया। मौके पर 92 हजार रुपये की राशि वसूल की गई।

## ठग ने बातों में उलझा कर वृद्ध का एटीएम कार्ड बदल लिया, पासवर्ड देख कर मिनटों में 82 हजार 500 रु. भी निकाल लिए



**इन्दौर।** ठग ने बातों में उलझा कर वृद्ध का एटीएम कार्ड बदल लिया।उसने पासवर्ड देख कर मिनटों में 82 हजार 500 रुपये भी निकाल लिए। ठगी की छत्रीपुरा थाना में शिकायत की गई है। फरियादी रविंद्र शुक्ला(एमओजी लाइन) साउथ राजमोहल्ला स्थित एसबीआइ के एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। अचानक एक व्यक्ति आया और उन्हें बातों में लगाया। आरोपित ने शुक्ला का एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ ही देर में उसने शुक्ला के खाते से 82 हजार 500 रुपये निकाल लिए। शुक्ला स्वतंत्र लेखक है। उन्होंने पुलिस को बताया कि धोखाधड़ी की जानकारी एसएमएस से लगी। पुलिस बैंक को पत्र लिखकर सीसीटीवी फुटेज निकाल रही है।


### पुरातन मंदिर में विवाह आयोजन पर कमिश्नर ने सख्त कदम उठाया

## गोपाल मंदिर के प्रबंधक की सेवा समाप्त, राऊ के डिप्टी कलेक्टर विनोद राठौड़ को भी हटाया

**इंदौर।** श्री गोपाल मंदिर में बिना अनुमति विवाह आयोजन मामले में संभागायुक्त दीपक सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंदिर के प्रबंधक केएल कौशल की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। इसके साथ ही राऊ के डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विनोद राठौर को उनके पद से हटा दिया गया है।

**नए प्रभार सौंपे गए**-संभागायुक्त ने डिप्टी कलेक्टर विनोद राठौर को जिला कार्यालय में पदस्थ किया है और उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पांडे को माफ़ी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया है। साथ ही, राऊ एसडीएम का प्रभार खुड़ैल एसडीएम गोपाल वर्मा को सौंपा गया है।

**जांच के आदेश**-कमिश्नर दीपक सिंह ने कलेक्टर इंदौर को निर्देशित किया है कि गोपाल मंदिर में हुए विवाह समारोह की गहन जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय परिसरों में बिना शासन की अनुमति के किसी भी निजी आयोजन की अनुमति नहीं है।



**उच्च स्तरीय समिति का गठन**-संभागायुक्त ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि मंदिर के संचालन और व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। यह समिति मंदिर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने और भविष्य में ऐसे आयोजन रोकने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करेगी।

**कड़े कदम की शुरुआत**-इस कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि पुरातन मंदिरों और शासकीय परिसरों की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त निर्णय लिए जाएंगे।

# तैबा कॉलेजः कई भाषाओं में शिक्षा का बेहतरीन केंद्र- विधायक महेंद्र हार्डिया जी

**इंदौर। तैबा कॉलेज ऑफ इंटीग्रेटेड स्टडीज, इंदौर द्वारा आयोजित कैंपस फेस्ट शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में 5 भाषाओं में आयोजित 108 प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगियों को तीन समूहों में बांटा गया, जिसमें स्टॉर्मबिंगर्स समूह ने पहला, विंड वॉकर्स ने दूसरा और स्काई सीकर्स ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत श्रेणी में सीनियर, सब-सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर से ज़ीशान वारिस, अज़ीम रज़ा, अरहान अख्तर और हाफ़िज़ फरहान् को स्टार ऑफ द फेस्ट की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत खजराना के विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया जी और पार्षद इक़्बाल खान् साहब के द्वारा की गई। विधायक महेंद्र हार्डिया जी ने अपने भाषण में तैबा कॉलेज की शानदार सेवाओं की तारीफ करते हुए कहा, 'आज तैबा कॉलेज के बारे में जानने और यहाँ के छात्रों की शानदार प्रस्तुतियाँ सुनने का मौका मिला। इससे साफ है कि तैबा कॉलेज अपने छात्रों को बहुत अच्छी और उच्च स्तर की शिक्षा दे रहा है। यहाँ के छात्रों का आत्मविश्वास, उनकी काबिलियत और पढ़ाई का स्तर वाकई लाजवाब है। उन्होंने आगे कहा, 'एक विधायक होने के नाते, मेरी ओर से कंप्यूटर या दूसरी सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए जो भी मदद मुमकिन होगी, मैं तैबा कॉलेज को जरूर दूंगा, क्योंकि ऐसे शिक्षा संस्थान देश के उज्ज्वल भविष्य बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।'




समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पाकीज़ा के चेयरमैन मकसूद हुसैन गौरी साहब ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में इक्बाल अहमद गौरी, सैयद वाहिद अली, पार्षद उस्मान पटेल, पत्रकार समीर खान्, सुन्नी वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन सय्यद नाज़िम अली के अलावा मध्य प्रदेश की कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं।

कुछ विशेष मेहमानों ने इस आयोजन पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'इंदौर की धरती पर तैबा कॉलेज जैसी संस्था का होना यहां के निवासियों के लिए गर्व की बात है, जहां विद्यार्थी एक ही छत के नीचे न केवल ग्रेजुएशन कर रहे हैं, बल्कि साथ ही साथ आलिम ए दिन भी बन रहे हैं।

## पतंग की डोर से युवक की गर्दन कटने से मौत, फूटी कोठी ब्रिज पर हुई घटना

### परिजनों ने कहा- डोर चाइना वाली थी, पर पुलिस ने इंकार किया

**इंदौर।** फूटी कोठी ब्रिज पर संक्रांति के दिन पतंग की डोर से युवक की गर्दन कटने से मौत हो गई। 22 वर्षीय हिमांशु सोलंकी अपने रिश्तेदार के साथ गैस की टंकी लेने जा रहा था। इसी दौरान फूटी कोठी ब्रिज से गुजरते समय पतंग की डोर से उसकी गर्दन कट गई। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एमवाय हॉस्पिटल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने यह चाइना डोर से हुई घटना बताया, पर पुलिस का कहना है कि साधारण डोर थी।



मंगलवार शाम हिमांशु सोलंकी अपने एक रिश्तेदार के साथ गैस की टंकी लेने जा रहा था। इस दौरान पतंग के मांझे से उसकी गर्दन कट गई। हिमांशु के साथ विनोद नामक शख्स भी मांझे से जख्मी हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अवस्था में हिमांशु को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे एमवाय हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान हिमांशु की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक हिमांशु सोलंकी कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। वह पिछले एक साल से सुदामा नगर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। मृतक के पिता मनावर में बैंककर्मी है और उसकी मां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

मृतक के परिजनों को आशंका है कि उनके बेटे की मौत चाइना मांझे से हुई है। वहीं द्वारकापुरी थाने के टीआई आशीष सप्रे के मुताबिक, जिस डोर से हिमांशु की मौत हुई, वह साधारण मांझा है। परिजन के सामने भी इसकी जांच की गई है। पुलिस ने मांझा जब्त कर लिया है।

## गुमास्ता नगर झोन की कॉलोनियों में रोज सुबह बत्ती गुल

### बिजली कंपनी की अघोषित कटौती से परेशान उपभोक्ता

**इन्दौर।** गुमास्ता नगर झोन के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों में रोज सुबह 6.30 बजे बिजली गुल हो जाती है और लगभग 8.30 बजे लौटती है। यह कटौती भले ही घोषित न हो, लेकिन उपभोक्ताओं के अनुसार, बिजली कंपनी ने इसे अघोषित कटौती का नियमित समय बना दिया है। पिछले कई महीनों से यही स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं।रहवासी जब झोनल कार्यालय के लैंडलाइन नंबर पर फोन करते हैं, तो वह हमेशा बिजी आता है। हेल्पलाइन नंबर 1912 पर कॉल करने पर केवल शिकायत दर्ज करने की बात कही जाती है, लेकिन कटौती का कारण स्पष्ट नहीं किया जाता। ऑपरेटरों का कहना है कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है और शिकायत संबंधित झोन को भेज दी जाती है।



**संपर्क में लापरवाही, उपभोक्ताओं की समस्या अनसुनी-**उपभोक्ताओं की शिकायत है कि बिजली कंपनी के झोनल कार्यालयों पर संबंधित अधिकारियों का सरकारी मोबाइल नंबर न तो सार्वजनिक किया गया है और न ही मांगने पर उपलब्ध कराया जाता है। यह सरकारी नंबर उपभोक्ताओं के टैक्स से भुगतान किए गए बिल के अंतर्गत आता है, लेकिन अधिकारी फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझते।नगर निगम जहां झोनल अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करवा रहा है, वहीं बिजली कंपनी के अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं से सरोकार नहीं रखते। मुख्यालय में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों ने भी झोनल स्तर पर पारदर्शिता लाने के प्रयास नहीं किए।

## एसटीएफ इकाई इंदौर का कार्यालय स्थानांतरित

**इन्दौर।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) इकाई इंदौर ने अपने कार्यालय का स्थान बदल दिया है। पहले यह कार्यालय पीपल्याहाना, वर्ल्ड कप चौराहा, इंदौर में स्थित था, लेकिन अब इसे 17, संवाद नगर, थाना आजाद नगर के पास, इंदौर स्थानांतरित कर दिया गया है। मंगलवार से, यह नया कार्यालय पूरी तरह से संचालित है। नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी सूचना, सहायता या संपर्क के लिए इस नए पते का उपयोग करें। इस स्थान परिवर्तन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और कार्यालय की पहुंच को और अधिक सुलभ बनाना है।

## जहां टेबल-कुर्सी फर्नीचर, वहीं बनाए जाएंगे परीक्षा केंद्र

### पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने अगले महीने होने वाली पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होंगी। पांचवीं के एग्जाम 1 मार्च तक और आठवीं के 5 मार्च तक समाप्त होंगे।

इस बार परीक्षा केंद्र बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। जिन स्कूलों में पानी, बिजली, फर्नीचर, और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होंगी, वहां परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। सभी केंद्रों पर बेंच और डेस्क की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

**24 लाख विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल-**परीक्षा में सरकारी और निजी स्कूलों के लगभग 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र ऐसे स्थानों पर बनाए जाएंगे, जो तीन से पांच किलोमीटर के दायरे में हों, ताकि छोटे बच्चों को आने-जाने में परेशानी न हो। इसके लिए विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) परीक्षा केंद्रों और उनकी मैपिंग का अंतिम अनुमोदन करेंगे।



**बजट और फर्नीचर की व्यवस्था-**समग्र शिक्षा अभियान के तहत माध्यमिक स्कूलों में फर्नीचर के लिए 140 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। 1.63 लाख फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी।

**पंजीयन और सत्यापन की प्रक्रिया-**परीक्षा पोर्टल पर विद्यार्थियों का पंजीयन और सत्यापन 23 जनवरी तक पूरा किया जाएगा। समग्र आईडी वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। 5 फरवरी से परीक्षा केंद्रों को चिन्हित करने का काम शुरू होगा।

परीक्षाओं की तैयारी जोर-शोर से जारी है, जिससे बच्चों को बेहतर सुविधाएं और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## कृष्ण कुमार अष्ठाना का निधन



**इन्दौर।** मालवा प्रांत के प्रतिष्ठित संघचालक कृष्ण कुमार अष्ठाना का मंगलवार सुबह निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अष्ठानाजी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साथ ही देवपुत्र समाचार पत्रिका के संस्थापक तथा वरिष्ठ पत्रकार रहे। सीएम ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

CRIME

## उद्योगपति की बहू से 1.60 करोड़ की ठगी, दो और आरोपी गिरफ्तार

**इन्दौर।** क्राइम ब्रांच ने सिवनी में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने उद्योगपति की बहू से 1 करोड़ 60 लाख रुपये की ठगी की थी। इससे पहले पुलिस एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह मामला तब सामने आया जब उद्योगपति की बहू, जो शेयर कारोबार में सक्रिय थी, को पार्सल में ड्रग्स का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट किया गया। उन्हें एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर लोन, एफडी और सोना गिरवी रखवाकर बड़ी रकम चुराई गई। पुलिस ने ठगी के मामले में कुछ खातों को ब्लॉक कर लाखों रुपये फ्रीज करवाए थे। आरोपी पैसे को सात राज्यों के दर्जनों खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। इसको लेकर क्राइम ब्रांच इंदौर ने जाँच तेज़ की। उनके मुताबिक, सिवनी के दो संदिग्धों के खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर हुई थी। डीसीपी क्राइम राजेशकुमार त्रिपाठी ने बताया कि कल टीम ने छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

## अरबिंदो अस्पताल में सुपरवाइजर ने की आत्महत्या

**इन्दौर।** अरबिंदो अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में कल रात सुपरवाइजर सोनू ने फांसी लगाकर जान दी। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू की है। बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर के अनुसार, रात 11 बजे जानकारी मिली कि एक व्यक्ति ने अस्पताल के पीएम रूम में पंखे से लटककर आत्महत्या की। मृतक की पहचान 50 वर्षीय सोनू पिता सेवाराम खटवा के रूप में हुई, जो लंबे समय से अस्पताल में काम कर रहा था। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, लेकिन वह कुछ दिनों से परेशान था। परिवार के बारे में जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है।

## रूई दुकान में आग लगने से युवक झुलसा

**इंदौर।** पाटनीपुरा क्षेत्र के बेकरी गली स्थित रूई दुकान में लगी आग बुझाने में दुकान मालिक झुलस गया। घायल युवक का नाम शाहरुख पिता कुतुबुद्दीन है।उसके भाई रफीक ने बताया कि उनके घर के पास वेल्डिंग का काम हो रहा था। वेल्डिंग की चिंगारी उनके रूई गोदाम तक पहुंची, जिससे आग लग गई।

# महिला से ठगे पौने पांच लाख रुपए

**इंदौर। फर्जी मुंबई क्राइम ब्रांच और आरबीआई अधिकारी बनकर बदमाश ने महिला से 4 लाख 89 हजार रुपए ठग लिए। बदमाश ने फेडएक्स कोरियर सर्विस के माध्यम से एमडीएमए ड्रग्स होने संबंधी पार्सल इरान भेजेने के नाम से धमकाया था। शिकायत के बाद पुलिस ने ठग के खाते फ्रिज कर एक लाख 85 हजार रुपए रिफंड कराए। क्राइम ब्रांच के एडिशनल पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया के अनुसार, साइबर अपराध रोकने लोगों को जागरूक किया जा रहा है। फरियादी मंजू सोलंकी( परिवर्तित नाम ) ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। कुछ दिन पहले उसके पास अनजान नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय फेड एक्स के अधिकारी के रुप में देते हुए कहा कि आपके नाम से पार्सल मुंबई से ईरान डिस्पेच हुआ था। इसे मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने रोक लिया है। पार्सल में कुछ इन लीगल आइटम्स मिले हैं जिनके कंटेन्ट 3 अलग नाम के पासपोर्ट, लेपटॉप एवं एमडीएमए ड्रग्स 350 ग्राम मिली है।**

**मेरा पार्सल नहीं है-**इसके जवाब में मैंने कहा कि कोई पार्सल नहीं भेजा है। ठग ने मेरा आधार कार्ड पार्सल से लिंक होना बताया। साथ ही कहा कि आपके कार्ड का गलत इस्तेमाल हो रहा है, जिसकी कंप्लेन आपको मुंबई साइबर क्राइम में करनी होगी। उनके द्वारा मुझसे इजाजत लेते हुए मेरे कॉल को मुंबई साइबर क्राइम में ट्रांसफर कर दिया, जिसके बाद कॉलर ने अपना परिचय मुंबई साइबर क्राईम अधिकारी का दिया।

**एप डाउनलोड कराया-**मुझसे मेरी शिकायत के बारे में पूछा, जिसके जवाब मैंने पूरी स्थिति बताई। इसके बाद ठग ने मुंबई आने को कहा, इस पर मैंने इनकार कर दिया। फिर ठग ने शिकायत आनलाइन करने को कहा, इसके लिए स्काईप एप्लीकेशन डाउनलोड कराया। ठग ने मुझे कॉल पर स्काइप आईडी मुंबई साइबर सेल डिपार्टमेंट बताई और उस पर मैसेज करने को कहा। मैसेज करने पर मुझे स्काइप पर वीडियो कॉल आया। कॉल के दौरान स्क्रीन ब्लैक थी। कॉल शुरू होते ही उन्होंने अपना परिचय मुंबई साइबर क्राइम के अधिकारी प्रदीप सांवत के रुप में दिया।

**दो लोगों के आईडी कार्ड दिखाए-**मुझे सांवत एवं डीसीपी मिलिंद का आईडी कार्ड दिखाया। मुझसे आधार कार्ड का फोटो मांगा जो उन्होंने वेरीफाई किया। इसके बाद कहा कि हम कार्ड चेक कर रहे हैं। फिर कहा कि आपका कार्ड आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक खातों से लिंक पाया गया है। यह खाता मनी लॉडिंःग में इस्तेमाल किया जाता है। मुझे बताया कि उक्त खातों में करोड़ो रुपए की मनी लांड्रिंग हुई है, जिसमें से मुझे भी हिस्सा मिला।

**जानकारी का कर रहे गलत इस्तेमाल-**मुझसे कहा कि लोगों की जानकारियों का गलत इस्तेमाल क्रिमिनल्स द्वारा किया जाता है। यदि आप कॉपरेट करती हो तो हम आपको निर्दोष साबित करने में मदद करेंगे। इसके लिए हम पीसीसी सर्टिफिकेट जारी करेंगे, लेकिन यदि आप दोषी पाई जाती है तो आपके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होगा। कुछ देर बाद मेरी बात डीसीपी मिलिंद से कराई। मिलिंद ने पूछा कि मैंने कोई लोन लिया है क्या। मैंने इनकार किया तो बैंक के एप आई मोबाइल से लोन सेक्शन के स्क्रीन शॉट मांगे एंव मुझसे लोन सेंक्सन कराया।

**अकाउंट का बैलेंस पूछा-**मुझसे अकाउंट का बैलेंस पूछकर कहा कि हमारे आरबीआई अधिकारी आपके पैसों का विश्लेषण करेंगे, जिसके लिए उनके द्वारा मुझे नोटिस भी भेजा गया, जिसमें सारी प्रोसेस लिखी था कि मेरे पैसों का आईपी एड्रेस ट्रेक करेंगे। यदि यह पैसे आपके लीगल पाए गए तो वापस कर देंगे अन्यथा यह अमाउंट सीज हो जाएगा। फिर मुझसे रुपए ट्रांसफर करा लिए। मुझसे कहा कि खाते में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि नहीं पाई गई है। आपको हम पैसे रिफंड कर रहे हैं और उनके द्वारा मेरी ईमेल आईडी मांगी गई। 15 मिनट बाद कॉल करने को कहा जिसके बाद उन्होंने फोन नहीं उठाया।



## जुआरी पकडाए

थाना कनाडिया की टीम ने 15 आरोपी, 3/4 जुआ एक्ट कुल राशि 93400/- रु. नगदी जप्त किये। टीम में निरीक्षक योगेन्द्र सिसोदिया, सउनि सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी, हेड कांस्टेबल योगेश, दिलीप, कांस्टेबल कृष्ण कान्त, अमित, मंगेश, शुभम्, विजय, ओमप्रकाश का योगदान रहा।

## वर्ग विशेष के लड़कों की हरकतें : हिंदूवादियों ने किया पुलिस के हवाले

**इंदौर।** सूरत में रहने वाले शादाब ने इंस्टाग्राम के माध्यम से एयरपोर्ट में रहने वाली एक नाबालिग लड़की से बातचीत बढ़ाई और झांसे में लेकर उससे कई बार चेट की। इधर शादाब ने देवास के युवक कृष्णा से भी दोस्ती की और देवास में कृष्णा से मुलाकात भी की और देवास से कृष्णा को लेकर शादाब इंदौर आया और नाबालिग से मिलने वे पितृ पर्वत पर पहुंचे। नाबालिग अपनी दो सहेली मित्रों को लेकर पितृ पर्वत पहुंची। नाबालिग ने सूरत के शादाब के साथ बातचीत शुरू की, नाबालिग के साथ आई दो सहेलियां और कृष्णा मंदिर दर्शन करने चले गए। इस बीच हिन्दू जागरण मंच के देवधाम टंकी पर रहने वाले मोहित को शादाब पर शंका हुई। तत्काल इसकी जानकारी मंच संयोजक कन्नू मिश्रा और पिंटू शर्मा को दी गई। तत्काल मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और शादाब से पूछताछ की। इस दौरान देवास का कृष्णा अपना मोबाइल छोड़कर भाग खड़ा हुआ।



## साइबर अपराध से बचाव: इंदौर पुलिस की पाठशाला में छात्रों को मिली जरूरी जानकारी

**इंदौर।** साइबर अपराधों से बचाव और जागरूकता बढ़ाने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया ने के.के. कॉलेज में साइबर अवेयरनेस की 377वीं कार्यशाला आयोजित की।


कार्यशाला में 200 छात्रों को साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल धोखाधड़ी और सोशल मीडिया खतरों से बचने के तरीके बताए गए। छात्रों को साइबर हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल 222 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। पुलिस अधिकारियों ने सतर्कता और सुरक्षित ऑनलाइन गतिविधियों की आवश्यकता पर जोर देते हुए पंपलेट्स और स्टिकर्स भी वितरित किए।

## शराबी ड्रायवर को अभिभावक जनता और पुलिस की सतर्कता से पकड़ा

**इंदौर।** शराब के नशे में धुत्त युवक तेज गति से स्कूली बस चला रहा था। बस की गति अत्यधिक होने से हादसे का अंदेशा था। राहगीरों, बच्चों के पालकों ने जब वाहन को अनियंत्रित गति से चलता देखा तो उसे रोक लिया। जानकारी मिलने पर थाने का जवान मौके पर पहुंचा और माजरा समझा। बस से बच्चों को उतारकर उनके स्कूल रवाना किया और चालक को सलाखों के पीछे धकेल दिया। इस तरह राहगीरों, अभिभावकों और पुलिस की सतर्कता से बड़ी अनहोनी टल गई। द्वारकापुरी टीआई आशीष सप्रे ने बताया कि घटना सोमवार सुबह पौने दस बजे की है। बीट इंचार्ज को सूचना मिली थी कि कुछ अभिभावकों ने विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल का चालक नशे में है। तत्काल पुलिस अरिहंत किराना स्टोर के सामने स्कीम नंबर 71 पहुंची, जहां मौजूद लोगों ने बताया कि स्कूल बस क्रमांक एमपी-09-पीए-0631 का चालक बस को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और ब्रेक लगाया। बस में स्कूल के बच्चे बैठे थे। अभिभावकों द्वारा चालक को बोला कि इतनी तेज बस क्यों चला रहा है तो चालक बस से नीचे उतरा। उसने सभी अभिभावकों को गालियां दी।

**बच्चों को स्कूल में छुड़वाया-**पुलिस को आता देख बस चालक भाग गया। पुलिस पार्टी बस चालक जयेश को पकडने पीछे गई। वहीं दूसरी पुलिस पार्टी ने एक अन्य बस चालक का इंतजाम कर बच्चों को स्कूल में छुड़वाया। बाद में पुलिस चालक को पकड़कर मय बस के थाने पर लेकर आई। पुलिस ने थाने पर वाहन चालक जयेश चौहान का ब्रीथ एनलाइजर मशीन से चेक किया तो शराब पीने की पुष्टि हुई। अभिभावक की रिपोर्ट पर थाना द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी बस चालक पर धारा 281, 296 बीएनएस, 185 एमवी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# राम मंदिर के निर्माण की तारीख को 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाया जाना चाहिए क्योंकि भारत की 'सच्ची आजादी' इसी दिन स्थापित हुई-मोहन भागवत



**इन्दौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की तारीख को 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाया जाना चाहिए क्योंकि भारत की 'सच्ची आजादी' इसी दिन स्थापित हुई. इसके लिए कई शताब्दियों तक 'परचक्र' ( शत्रु के हमले ) का सामना हुआ.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या की राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई. हालांकि, हिंदू कैलेंडर के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा समारोह 11 जनवरी 2025 को एक साल पूरा हुआ. मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन किसी का विरोध करने के लिए शुरू नहीं किया गया था.

### 'दुनिया के लिए रास्ता...'

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह आंदोलन भारत के 'स्व' को जगाने के लिए शुरू किया गया था, जिससे देश अपने पैरों पर खड़ा हो सके और दुनिया को रास्ता दिखा सके।मोहन भागवत, इंदौर में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार' समारोह के मौके पर बोल रहे थे. मोहन भागवत ने कहा कि पिछले साल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के दौरान देश में कोई कलह नहीं थी.

### संजय राउत ने दी प्रतिक्रिया

इस पर शिवसेना नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है. संजय ने कहा, रामलला को RSS लेकर नहीं आया था. मोहन भागवत ने संविधान भी नहीं लिखा है. वो जो कह रहे हैं-वह गलत है. राम लला हजारों साल से हैं. हमने उनके लिए संघर्ष किया है, लेकिन इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

वहीं, चंपत राय ने कहा कि मैं यह सम्मान राम मंदिर आंदोलन के सभी ज्ञात और अज्ञात लोगों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में मदद की।

आंदोलन के दौरान संघर्ष के कई चरणों का जिक्र करते हुए चंपत राय ने कहा कि मंदिर 'हिंदुस्तान की मूंछ' का प्रतीक है और वे इसके निर्माण का माध्यम मात्र हैं.

### क्या है अहिल्या पुरस्कार?

'राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार' इंदौर स्थित सामाजिक संगठन 'श्री अहिल्योत्सव समिति' द्वारा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में योगदान के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को हर साल दिया जाता है. इस संगठन की अध्यक्ष पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन हैं.

पुरस्कार समारोह के मौके पर सुमित्रा महाजन ने कहा कि इंदौर के पूर्व होलकर राजवंश की प्रतिष्ठित शासक देवी अहिल्याबाई को समर्पित एक भव्य स्मारक शहर में बनाया जाएगा, जिससे लोग उनके जीवन चरित्र से परिचित हो सकें। पिछले कुछ साल में राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार नानाजी देशमुख, विजया राजे सिंधिया, रघुनाथ अनंत माशेलकर और सुधा मूर्ति जैसी प्रसिद्ध हस्तियों को दिया गया है.



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कपिला गौ-शाला में गौ-माता मंदिर सेवा स्थल का किया भूमि-पूजन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला पहुंचकर वेद ऋचाओं के उच्चारण के मध्य गौ-पूजन कर गौ-माता मंदिर सेवा स्थल का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दी गई 3.5 करोड़ रूपये की निधि से नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे गौ-माता शेड, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य प्रगतिरत विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। इस दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2024 को गौ-संवर्धन वर्ष घोषित किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लक्ष्य सभी गौ-वंशों का संरक्षण एवं संवर्धन कर लावारिस गौ-वंश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना, देशी नस्ल की गायों का उन्नयन, जैविक खाद से ऑर्गेनिक कृषि को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौ-वंश आहार अनुदान को दोगुना किया गया है। अब पंजीकृत गौ-शाला के पशुओं को प्रतिदिन 40 रूपये आहार अनुदान दिया जा रहा है।

## युवती को चाकू मार घायल किया

**इंदौर।** प्रेमी के साथ पीथमपुर गई आजाद नगर की युवती को चाकू मारकर घायल कर दिया। सलमान नामक युवक उसे घायल हालत में लेकर पहुंचा था। बताया जा रहा है सलमान शादीशुदा है, नीलोफर से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। सलमान की पत्नी भी दोनों का पीछा करते हुए पीथमपुर पहुंच गई थी। उसने दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। गुस्से में सलमान की पत्नी ने नीलोफर को चाकू मार दिया।

## महाकुम्भ एंवम सक्रांति पर संतो ने स्वस्ति वाचन कर बांटी महाकुम्भ लिखित पतंग व तिल के लड्डू

**भोपाल।** भारतीय संस्कृति के महापर्व, विश्व का सबसे बड़ा मेला कुंभ उत्तरायण के साथ आरम्भ हो चुका है, गुरुनानक मण्डल द्वारा संक्रांति के पर्व पर ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कर विधि विधान के साथ आम जन को 'महाकुंभ' की पतंग एवं तिल्ली के लड्डू वितरित किए। गुरुनानक मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि 144 वर्ष बाद आये सदी के सबसे बड़े आद्यात्मिक और धार्मिक महापर्व




'महाकुंभ' का आयोजन प्रयागराज में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है, इस उपलक्ष्य में भोपालवासियों को कुंभ एवं संक्रांति के पावन पर्व की शुभकामनाएं दे कर पतंग एवं लड्डू वितरित कर रहे है इस अवसर पर महंत अनिलानंद ने कहा कि यह आयोजन न केवल कुंभ मेले की शुरुआत के अवसर पर मनाया जा रहा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं को भी प्रदर्शित करता है।

उन्होंने आगे कहा कि कुंभ मेला हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है।



## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान : दिलाई यातायात नियम पालन की शपथ

**इंदौर।** ट्रेफिक नियमों का पालन कर सुरक्षित वाहन चलाने की सीख लगातार यातायात पुलिस दे रही है। इसके बावजूद वाहन चालक लापरवाही कर हादसे के शिकार हो जाते हैं। रविवार को ट्रेफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके अंतर्गत खजराना मंदिर परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। आयोजन के बाद वाहन चालकों ने नियमों का कड़ाई से पालन करने की शपथ ली। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अरविंद तिवारी यातायात क्षेत्र 1 ने बताया कि 56 दुकान, राजबाड़ा, भंवरकुआ के बाद खजराना मंदिर नाटक का कार्यक्रम रखा गया। नाटक नटराज थियेटर ग्रुप की टीम द्वारा अर्जुन नायक के निर्देशन में किया गया। यातायात एजुकेशन विंग की टीम ने नियमों की गंभीरता से रूबरू कराया।

नाटक कलाकारों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सीख दी। ही शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीड के बुरे परिणाम, रेड लाइट पर वाहन स्टॉप लाइन के पीछे खड़ा रखने, वाहन चलाते मोबाइल पर बात नहीं करने जैसे संदेशों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## लगभग 12 लाख रु. के नशीले पदार्थ इन्दौर क्राइम ब्रांच ने किए जब्त

**इन्दौर।** एनडीपीएस में लंबे समय से फरार चल रहा बदमाश अपने साथी के साथ अजमेर घूमने गया था। वह वापस घर लौटता, इसके पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। आरोपियों के पास से एमडी ड्रग्स, चरस और बड़ी मात्रा में गांजा (कीमत लगभग 12 लाख रुपए) जब्त किया।

आरोपी इंदौर में भी कई बार मादक पदार्थ सप्लाय करने आ चुके हैं। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एनडीपीएस के केस में फरार आरोपी मोहसिन और शाहबाज, निवासी-धार, उर्स में अजमेर गए हैं। इस पर तत्काल पुलिस अजमेर स्थित होटल से मोहसिन पिता इकबाल मंसूरी, निवासी-बस स्टेंड के पीछे, धार तथा उसके साथी शाहबाज पिता शहजाद, निवासी-श्रीनगर कॉलोनी, कुम्हार गड्डा, धार को पकड़ा। मोहसिन पर धार के थानों में मारपीट, लड़ाई- झगड़े, जान से मारने की धमकी के 6 अपराध पंजीबद्ध हैं। कुछ माह पहले उसने इंदौर में मादक पदार्थ की तस्करी की थी। इस मामले में उसके खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में केस दर्ज हुआ था, तभी से वह फरार चल रहा था। आरोपी शाहबाज पर भी धार में एनडीपीएस एक्ट के केस पंजीबद्ध है। आरोपी पूर्व में पीओपी का काम करता था, बाद में मोहसिन से मिलकर तस्करी करने लगा। आरोपियों से 102 ग्राम एमडी ड्रग्स, 1 किलो 46 ग्राम चरस तथा 3 किलो 882 ग्राम गांजा जब्त किया है।

**ब्राउन शुगर नाबालिग से बिकवा रहे थे-**बाणगंगा पुलिस ने लक्की निवासी चंद्रगुप्त चौराहा और नावेल्टी मार्केट के दुकानदार पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने कान्हा विहार कॉलोनी में रहने वाले 14 साल के नाबालिग को सांवेर रोड पर ब्राउन शुगर की पुड़िया बेचने भेजा था। इसके बदले आरोपियों ने नाबालिग को ई-सिगरेट का लालच दिया था। पुलिस लक्की और दुकानदार की तलाश कर रही है।

**दो बदमाश गांजे के साथ पकड़ाए-**एरोड्रम पुलिस ने हीरानगर चौराहे पर चेकिंग के दौरान बलिहारी उर्फ बल्लू पिता सीलम सोलंकी, निवासी-दिलीप नगर और कमलेश उर्फ गोलू पिता सुभाष कापसे, निवासी- लक्ष्मी नगर को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस की तत्परता और सराहनीय प्रयास ने 4 वर्षीय बच्ची को परिजनों से मिलाया



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में एक बार फिर पुलिस की तत्परता ने एक चार वर्षीय बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाकर देशभक्ति और जनसेवा के ध्येय वाक्य को सार्थक किया है। मंगलवार शाम को चार वर्षीय बच्ची अपनी बहन और परिजनों के साथ तुलसी नगर स्थित तुलसी दास पार्क में खेलने आई थी। जहां खेलते हुए बड़ी बहन और परिजनों से बच्ची बिछड़ गई। बच्ची को सड़क पर अकेला देख एशियन न्यूज के संपादक सुनील श्रीवास्तव ने बच्ची से माता पिता के बारे में पूछा, तो बच्ची कुछ भी नहीं बता पा रही थी। सुनील श्रीवास्तव ने टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया को पूरे मामले से अवगत करवाया। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पुलिस बल भेजा। आरक्षक सुनील कुमार दांगे ने अपनी सक्रियता और सूझबूझ से लोगों से बच्ची के बारे में पूछताछ की और काफ़ी मशक्कत के बाद बच्ची के परिजनों को खोज निकाला और बच्ची को उनके सुपुर्द कर दिया।

# मन-शरीर की पूरक औषधि माना जाता है मेडिटेशन

**अगर आप तनाव से ग्रस्त और चिंतित हैं तो मेडिटेशन करें. महज कुछ मिनट भी मेडिटेशन किया जाए तो आंतरिक शांति का अनुभव होता है. इसका अभ्यास कोई भी कर सकता है. यह सरल है और इसे करने के लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता भी नहीं होती. मेडिटेशन के कई फायदे होते हैं. इसे करने से दिमाग को शांति मिलती है और बॉडी रिलैक्स होती है. मेडिटेशन का अभ्यास आप कहीं भी कर सकते हैं. फिर चाहे आप टहलने के लिए बाहर हों, बस की सवारी कर रहे हों, डॉक्टर के कार्यालय में प्रतीक्षा कर रहे हों या एक कठिन व्यावसायिक बैठक के बीच में हों.**

**❍ सकारात्मक दृष्टिकोण बनाता है**

हेल्थलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक मेडिटेशन करने से जीवन के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त हो सकता है. उदाहरण के लिए 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों की एक समीक्षा में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन ने अवसाद के लक्षणों में सुधार किया.



**❍ मेडिटेशन करता है तनाव कम**

हजारों वर्षों से मेडिटेशन का अभ्यास किया जाता रहा है. मेडिटेशन एक प्रकार की मन-शरीर की पूरक औषधि माना जाता है. यह विश्राम की एक गहरी अवस्था है, जो मन में शांति उत्पन्न करता है. इसके दौरान आप अपना ध्यान केंद्रित करते हैं और उलझे हुए ऐसे विचारों से निकलने में सफल होते हैं, जो तनाव पैदा कर रहे होते हैं. यानी मेडिटेशन तनाव से निपटने में मददगार होता है.

**❍ याददाश्त में करता है सुधार**

मेडिटेशन में आपकी सोच को बेहतर बनाए रखने के साथ आपके दिमाग को युवा रखने में मदद कर सकता है. कीर्तन क्रिया मेडिटेशन की एक विधि है, जो आपके विचारों को केंद्रित करने के लिए एक मंत्र को उंगलियों की दोहराव गति के साथ जोड़ती है. बढ़ती उम्र में याददाश्त से संबंधित समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है. सामान्य उम्र से संबंधित स्मृति हानि से लड़ने के अलावा मेडिटेशन मनोभ्रंश के रोगियों में कम से कम आंशिक रूप से स्मृति में सुधार कर सकता है.

ध्यान का आशय अपने दिमाग में विचारों के प्रवाह को रोकना है. हालांकि यह आसान नहीं है, लेकिन कोशिश करेंगे तो कुछ ही दिनों में आप ऐसा कर सकेंगे. इसके निरंतर अभ्यास से मन को स्थिर कीजिए. अपनी गहरी, लंबी सांसों पर ध्यान लगाएं. इससे दिमाग वहां ध्यान लगाएगा और विचारों पर भी रोक लगेगी. वहीं ध्यान के दौरान शरीर को ढीला छोड़ दें. किसी भी तरह का जोर या दबाव न डालें.

## रात को दिखाई दें डायबिटीज के यह लक्षण, तो हो जाएं सावधान! एक्सपर्ट ने बताया किस तरह से पहचाने

**आज के समय में सबसे ज्यादा लोग डायबिटीज से पीडित है। लगभग 90 प्रतिशत लोग टाइप 2 डायबिटीज से परेशान है। शुरुआती संकेतों में इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, इसी कारण से कई बार इसका इलाज नहीं हो पाता। ज्यादा थकान महसूस करना और अचानक से वजन कम होना यह डायबिटीज के संकेत होते है। हाल ही में एक एक्सपर्ट ने डायबिटीज के उस संकेत के बारे में बताया जो रात को ही नजर आता है।**



ऑनलाइन 'द वॉयस ऑफ डायबिटीज' के रूप में जानी जाने वाली डायना बाइटिकी ने हाल ही में एक वीडियो में बताया है कि रात में पैरों या उंगलियों में होने वाली जलन, दर्द, सुन्नता या झुनझुनी डायबिटीज न्यूरोथैरपी का संकेत हो सकता है, यानि के डायबिटीज वाले लोगों की नसों को नुकसान होने का संकेत हो सकता है। डायना बाइटिकी कहती हैं, 'जलन, दर्द, सुन्नता या झुनझुनी आमतौर पर पैर की उंगलियों से शुरू होती हैं और धीरे-धीरे पिंडली तक बढ़ सकती हैं. स्थिति बढ़ने पर यह हाथों को प्रभावित कर सकती है और उसे छूने में दर्द हो सकता है।

बाइटिकी ने आगे कहा है, जब आप आराम कर रहे होते हैं तो यह और भी बदतर होती है क्योंकि सोते समय आप हिल-डुल नहीं सकते।

डायबिटीज यूके का कहना है कि डायबिटीज न्यूरोथैरपी को सही नहीं किया जा सकता लेकिन जलन और सुन्नता लक्षणों को दवाई से कम किया जा सकता है। इतना ही नहीं, अगर किसी का कोलस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर सही रहता है तो इन समास्या से छुटकारा मिल सकता है।

**डायबिटीज यह लक्षण भी रात को नजर आता-**नेशनल हेल्थ सर्विस के अनुसार, डायबिटीज का एक और संकेत जो रात को नजर आता है वो है बार-बार पेशाब आना। यदि इसके साथ ही आपको नीचे दिए गए यह लक्षण भी नजर आते है तो आपको डॉक्टर से जरुर मिलना चाहिए।

**- बहुत प्यास लगना**
**- थकान महसूस होना**
**- वजन घटना**
**-मसल्स लॉस होना**
**-प्राइवेट पार्ट के पास खुजली होना**
**-धुंधला दिखाई देना**



## आयुर्वेद और योग के पंचकर्म से हो जाता है कायाकल्प

आयुर्वेद प्रकृति के अनुसार जीवन जीने की सलाह देता है। आयुर्वेद मानता है कि हमारी अधिकतर बीमारियों का जन्म स्थान हमारा दिमाग है। इच्छाएं, भाव, द्वेष, क्रोध, लालच, काम आदि नकारात्मक प्रवृत्तियों से कई तरह के रोग उत्पन्न होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार मनुष्य के शारीर में तीन जैविक-तत्व होते हैं जिन्हें त्रिदोष कहा जाता है। शारीर के भीतर इन तीन तत्वों का उतार-चढ़ाव लगा रहता है। इनका संतुलन गड़बड़ाने या कम ज्यादा होने से रोग उत्पन्न होते हैं।

**यह तीन दोष हैं-** वात (वायु तत्व) पित्त (अग्नि तत्व) और कफ। वात के 5 उपभाग है 1- प्राण वात, 2- समान वात, 3- उदान वात, 4- अपान वात और 5- व्यान वात। पित्त के भी 5 उपभाग है 1- साधक पित्त, 2- भ्राजक पित्त, 3- रंजक पित्त, 4- लोचक पित्त और 5- पाचक पित्त। इसी तरह से कफ के भी 5 उपभाग है- 1- क्लेदन कफ, 2- अवलम्बन कफ, 3- श्लेष्मन कफ, 4- रसन कफ और 5- स्नेहन कफ। सभी का संतुलन बिगड़ने से गंभीर रोग उत्पन्न होता है। ऐसे में यदि पंचकर्म को किए जाने से कभी भी रोग उत्पन्न नहीं होते हैं।

**क्या होता है पंचकर्म :** पंच कर्म या पंच क्रिया अर्थात पांच तरह की ऐसी क्रिया जिससे शरीर स्वस्थ होता है। इसके मुख्य प्रकार बताएं जा रहे हैं परंतु इसके उप प्रकार भी है। यह पंचकर्म क्रियाएं योग का भी अंग है।

**1. वमन क्रिया :** इसमें उल्टी कराकर शरीर की सफाई की जाती है। शरीर में जमे हुए कफ को निकालकर अहारनाल और पेट को साफ किया जाता है।

**2. विरेचन क्रिया :** इसमें शरीर की आंतों को साफ किया जाता है। आधुनिक दौर में एनिमा लगाकर यह कार्य किया जाता है परंतु आयुर्वेद में प्राकृतिक तरीके से यह कार्य किया जाता है।

**3. निरूहवस्थी क्रिया :** इसे निरूह बस्ति भी कहते हैं। आमाशय की शुद्धि के लिए औषधियों के क्वाथ, दूध और तेल का प्रयोग किया जाता है, उसे निरूह बस्ति कहते हैं।

**4. नास्या :** सिर, आंख, नाक, कान और गले के रोगों में जो चिकित्सा नाक द्वारा की जाती है उसे नस्य या शिरोविरेचन कहते हैं।

**5. अनुवासनावस्ती :** गुदामार्ग में औषधि डालने की प्रक्रिया बस्ति कर्म कहलाती है और जिस बस्ति कर्म में केवल घी, तैल या अन्य चिकनाई युक्त द्रव्यों का अधिक मात्रा में प्रयोग किया जाता है उसे अनुवासन या स्नेहन बस्ति कहा जाता है।

# दिल्ली में उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों के साथ कोरोना काल में सौतेला व्यवहार किया गया-मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने दिल्ली में नौकरी कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों से अपील करते हुए बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करते समय वे याद रखें कि ''कोरोना काल में उनके साथ किस तरह सौतेला व्यवहार किया गया था।'' मायावती ने यह भी दावा किया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी और ''अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे।''



मायावती ने अपने 69वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया जिसमें उन्होंने स्वयं रचित एक किताब का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा, ''देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए बसपा की पूरी तैयारी है और पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर ये चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो हमारी पार्टी पहले से बेहतर परिणाम लाएगी।'' उन्होंने कहा, ''इस चुनाव में कांग्रेस, भाजपा तथा आम आदमी पार्टी, पहले की तरह इस बार भी कई लुभावने वादे तथा गारंटी की घोषणा कर रही है। लेकिन आप सब जानते हैं कि कई बार यहां सत्ता में रहने के बावजूद इन पार्टियों ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।''

बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया, ''रोटी-रोजी के लिए बड़ी संख्या में दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे नजदीकी राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश तथा बिहार, के लोगों के साथ इन सभी दलों की सरकारों ने हर स्तर पर सौतेला व्यवहार किया। आप (उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग) अच्छे से जानते हैं कि कोरोना काल में तो आपके साथ काफी बुरा बर्ताव किया गया।''मायावती ने अपील करते हुए कहा कि इसलिये दिल्ली के विधानसभा चुनाव में सभी सोच-समझ कर अपना वोट दें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दूसरे को जनविरोधी साबित करने के लिए आए दिन की जा रही नफरती बयानबाजी और पोस्टरबाजी पर निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर बसपा प्रमुख ने कहा, ''भाजपा के विकल्प के रूप में बसपा एकमात्र पार्टी है। 'इंडिया' का उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में कोई भविष्य नहीं है। ये सभी पार्टियां स्वार्थ के लिए एकजुट हुई हैं, जनता के लिए नहीं।

**एलएंडटी के 90 घंटे काम वाले बयान का खरगे ने दिया मजाकिया अंदाज में जवाब, कहा-**

## कंपनी को अभी कुछ बकाया भी देना है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने एलएंडटी के चेयरमैन सुब्रमण्यन के 90 घंटे के कार्य सप्ताह के सुझाव से असहमति जताई और जवाहरलाल नेहरू और बीआर अंबेडकर के रुख को याद किया कि श्रमिकों से प्रतिदिन आठ घंटे से अधिक काम नहीं कराया जाना चाहिए। खड़गे ने दिल्ली के 9ए, कोटला रोड पर कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की, जिसका निर्माण एलएंडटी द्वारा किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने नए पार्टी भवन के निर्माण के लिए कंपनी को धन्यवाद दिया, लेकिन इसके अध्यक्ष के सुझाव का जवाब व्यंग्यात्मक तरीके से दिया।



खड़गे ने उपस्थित लोगों के बीच कहा कि हमारी तरफ से कुछ बकाया भी बाकी है। खरगे ने कहा कि मैं निर्माण में शामिल एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, आर्किटेक्ट्स, मजदूरों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हालांकि मैं कंपनी को धन्यवाद देता हूं, लेकिन कंपनी के सीईओ ने एक हफ्ते में 90 घंटे काम करने की टिप्पणी की है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। खड़गे ने फैक्ट्री अधिनियम बनाते समय नेहरू और अंबेडकर के रुख को याद किया कि श्रमिकों से एक दिन में आठ घंटे से अधिक काम नहीं कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मजदूर आठ घंटे काम करता है और थक जाता है।



## 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, संगम में हेलिकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भारी भीड़ देखी गई है। मकर संक्रांति पर पहले 'अमृत स्नान' के दौरान 3.50 करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। योगी ने एक्स पर लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों/श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।

## चुनाव हार रहे केजरीवाल, ध्यान भटकाने की अपना रहे रणनीति- गौरव भाटिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ध्यान भटकाने वाली रणनीति का सहारा ले रहे हैं, जिसमें उनके कई दावों का हवाला दिया गया है, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की संभावित गिरफ्तारी और भाजपा द्वारा रमेश बिधूड़ी को अपना सीएम उम्मीदवार घोषित करना शामिल है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 'विश्वसनीय सूत्रों' का हवाला देते हुए दावा किया कि केजरीवाल विपक्ष के नेता के लिए अमानतुल्ला खान और नरेश बालियान पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलना तय है।




गौरव भाटिया ने कहा कि ये स्पष्ट होता जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भारत विरोधी गतिविधियों में अक्सर उन शक्तियों के साथ खड़े रहते हैं, जो भारत को कमजोर करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल प्रेस वार्ता करके कहते हैं, विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि मनीष सिसोदिया के घर अगले कुछ दिनों में रेड होगी। तो वहीं दूसरी प्रेस वार्ता कर कहते हैं कि भाजपा से रमेश बिधूड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। जनता के मुद्दों पर चर्चा न हो इसलिए ऐसी प्रेस वार्ता कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये तो तय है कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और दिल्ली में हम ऐसा मुख्यमंत्री देंगे जो मजबूती से कार्य करेगा और दिल्ली को आगे बढ़ाएगा। वह आपकी (केजरीवाल) तरह बेईमान नहीं होगा।

## अब गर्भवती महिलाओं को 100 रु रोज देगी मोहन सरकार, शुरू हो रही नई योजना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार गर्भवती महिलाओं को बड़ा तोहफा देने जा रही है. मातृ मृत्यु दर को रोकने के लिए सरकार ने खास कदम उठाया है. प्रदेश भर के 47 जिलों के 71 सिविल अस्पताल और 249 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बर्थ वेटिंग रूम शुरू किए जाएंगे. इन रूम्स में गर्भवती महिलाएं डिलीवरी की तारीख के सात दिन पहले से आकर भी रुक सकती हैं. यहां रुकने के 100 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे, साथ ही डिलीवरी से पहले अचानक अस्पताल भागने की जरूरत नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पतालों में बर्थ वेटिंग रूम की सुविधा खासकर आदिवासी बहुल जिलों में शुरू की गई है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है. 3 आदिवासी बहुल जिलों झाबुआ, अलीराजपुर और बड़वानी में



पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत हो चुकी है. महिलाओं को एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा दी जाएगी. उन्हें प्रतिदिन 100 रुपए आर्थिक सहायता भी दी जाएगी. सुमन हेल्प डेस्क और आशा कार्यकर्ताओं के जरिए नियमित स्वास्थ्य जांच की जाएगी.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों का कहना है कि तीन जिलों में सफलता के बाद इसे अन्य जिलों में भी लागू करने की योजना है. बता दें कि, मध्य प्रदेश में 1 लाख में से 173 प्रसूताओं की मौत हो रही है. साथ ही एक लाख नवजातों में से 3500 नवजात की भी जान चली जाती है. यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना है. मातृ मृत्यु दर में मध्य प्रदेश देश भर में तीसरे नंबर है. यही वजह है कि सरकार यह खास पहल करने जा रही है.

**तीन जिलों से शुरू की जा रही यह सुविधा-**मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 प्रति 1 लाख है, जो कि राष्ट्रीय औसत 97 से तकरीबन दोगुना है. मातृ मृत्यु दर के मामले में प्रदेश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति आदिवासी अंचलों में है.

## दिल्ली पुलिस का दावा स्कूलों को मिल रही बम की धमकियों का एनजीओ और एक दल से लिंक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार स्कूलों को मिल रही बम धमाकों की धमकियों के पीछे एक एनजीओ और राजनीतिक दल का लिंक सामने आया है। लंबी जांच पड़ताल के बाद पुलिस को यह सुराग मिला है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अभी उस एनजीओ और राजनीतिक दल का नाम नहीं बताया है।

स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर मधुप तिवारी ने अब तक की पड़ताल की जानकारी देते हुए एएनआई से कहा, 'स्कूलों को लगातार बम की धमकी वाले ईमेल भेजे जा रहे थे, इसकी शुरुआत 14 फरवरी को हुई थी। हमने गहनता से पड़ताल शुरू की। चूंकि वीपीएन आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था, ईमेल के सोर्स का पता लगाना आसान नहीं था। लेकिन 8 जनवरी को हमें एक अहम जानकारी मिली जिसके बाद एक नाबालिग का पता लगाया। हमने पाया कि उसी ने ईमेल भेजे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)